SI. No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 02

E-हिन्दी

# प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर, मूल्यांकन पत्रक-2
# कक्षा – 5
# हिन्दी

समय : 2.30 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**विद्यार्थी हेतु सामान्य निर्देश –**

1. विद्यार्थी सर्वप्रथम अपने नामांक, दिनांक आदि की पूर्तियाँ करें।
2. प्रत्येक प्रश्न हिन्दी विषय के लिये निर्धारित अधिगम क्षेत्र के अनुसार है।
3. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर ही लिखें।
5. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
6. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (गद्य)** अंक–22

**निर्देश– सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए–**

**1.** वयस्क मताधिकार की न्यूनतम आयु है– 

(अ) 21 वर्ष (ब) 18 वर्ष (स) 23 वर्ष (द) 25 वर्ष ( ) 1

**2.** स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरदार पटेल ने किस पद को सुशोभित किया–

(अ) गृहमंत्री (ब) वित्तमंत्री (स) प्रधानमंत्री (द) रक्षामंत्री ( ) 1

**3.** उदयसिंह की देखभाल करती थी–

(अ) पन्नाधाय (ब) रानी (स) दासी (द) महारानी ( ) 1

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए–**

**4.** जैसलमेर दुर्ग का निर्माण किसने करवाया? 1

**5.** 'रेडर' और 'केचर' में अंतर बताइए। 1

**6.** जीवन की किस घटना ने भगिनी निवेदिता के जीवन को बदल दिया? 1

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**7.** सदाचार का हमारे जीवन में क्या महत्व है? 3

**8.** अच्छे स्वास्थ्य की क्या निशानी है? 3

**9.** **खंड 'अ' के शब्दों को खंड 'ब' के शब्दों से मिलान कीजिए–** 4

| | खंड 'अ' | खंड 'ब' |
|---|---|---|
| (क) | मार्गेट एलिजाबेथ नोबेल | स्वामी विवेकानंद |
| (ख) | संन्यासी | कर्मयोगी |
| (ग) | समाचार पत्र | वेद की पावन ऋचा |
| (घ) | असतो मा सदगमय | भगिनी निवेदता |

**10.** तब उस मंत्रीराजा ने कहा, "यही दृश्य जो आप लोग इस समय यहाँ देख रहे हैं, मैंने स्वप्न में देखा था, और तभी मैं स्वप्न में चिल्लाया था, " अहो, मेरा ऐसा भाग्य। " मैंने तब यह बात आप लोगों को बता दी होती तो आप में से कोई भी इसे पूरा न होने देता। हो सकता था कि ईर्ष्या, लोभ और अपमान के वशीभूत आप मुझे मौत के घाट भी उतरवा देते।"

सच है, अपने मस्तिष्क में जो विचार आएँ, उनकी व्यर्थ चर्चा न करते हुए, उन्हें योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने में जुट जाना चाहिए। कर्म, कठोरता, लगन और निष्ठा से कोई भी व्यक्ति महान् बन सकता है।



www.rajteachers.com

**निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दीजिए–** 1½

1. बालक ने अपना स्वप्न पहले किसी को क्यों नहीं बताया? 1½
2. किन गुणों से व्यक्ति महान बनता है? 1½
3. हम अपने विचारों को साकार रूप किस प्रकार दे सकते हैं? 1½
4. बालक स्वप्न में क्या चिल्लाया ?

**अंक–13**

## पढ़ना, पढ़कर समझना और लिखना (पद्य)

11. पंद्रह अगस्त है– ( ) 1
(अ) महिला दिवस (ब) शिक्षक दिवस (स) आजादी का दिवस (द) बाल दिवस।
12. 'हम भारत के भरत' कविता में भारतवासियों की किन विशेषताओं को बताया गया है? कोई तीन लिखिए। 3
13. दीपावली का त्यौहार कब और कैसे मनाया जाता है? 3
14. दिए गए शब्दों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 6
(महकते, मन, मिलकर, रहीम, कुटुम, ज्ञान)
(i) किताबों में ................ की भरमार है। (ii) साईं इतना दीजिए, जामैं ................ समाय।
(iii) जो गरीब परहित करें, ते ................ बड़ लोग। (iv) एक दूसरे के सुख - दुख में ..... ..... बैठें हाथ बटाएँ।
(v) मीठी खीर, सैवेयाँ सबके ................ को भाती हैं। (vi) कभी दहकते, कभी ................ जीते- मरते शान से।

**अंक–13**

## व्यावहारिक व्याकरण

15. जल का समानार्थी शब्द है– ( ) 1
(अ) तोय (ब) प्रसू (स) गरल (द) नल।
16. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए– 2
(i) बाल की खाल निकालना (ii) हाथ-पाँव फूलना।
(ब) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर पुन: लिखिए– 2
(i) राजा (ii) पड़ोसी (iii) पति (iv) रवि
17. (अ) दिए गए वाक्य में से क्रिया व संज्ञा पद छाँटिए– शेर शिकार करता है। 2
(ब) दिए गए वाक्य में से सर्वनाम व विशेषण पद छाँटिए– यह मीठा गन्ना है। 2
18. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए– 2
(i) उपग्रह (ii) निर्वासित
(ब) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए– 2
(i) रहस्यमय (ii) ध्यानपूर्वक

**अंक–24**

## सृजनात्मक अभिव्यक्ति

19. स्वच्छता विषय पर अध्यापक व छात्रों का संवाद लिखिए। 4
20. निम्नलिखित में से किसी एक कहानी को कल्पना के आधार पर लिखिए– 8
(अ) भेड़िया और मेमना (ब) घमण्डी बारहसिंगा ***अथवा***
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दस पंक्तियों में निबंध लिखिए–
(अ) रक्षाबंधन (ब) विज्ञान के चमत्कार (स) यदि मैं प्रधानाध्यापक होता (4) अनुशासन
21. क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति प्राप्त करने हेतु अपने प्रधानाध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। 6
22. दिए गए वाक्यों को पढ़कर वर्ग पहेली पूर्ण कीजिए– 6
(i) हमारे देश का नाम ................ (ii) सत का विलोम ................
(iii) बहिन का समानार्थक ................ (iv) वजन का समानार्थक ................
(v) तरल पदार्थ .............. (vi) आँख का पर्यायवाची ..............

| | | | |
|---|---|---|---|
| भा | अ | भ | न |
| र | स | गि | य |
| त | त | नी | न |

**अंक–8**

## परिवेशीय सजगता

23. (अ) स्वच्छता से आपका क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए। 4
(ब) सड़क पर पैदल चलते समय बरती जाने वाली सावधानियाँ लिखिए। 4

●●



www.rajteachers.com